III Semester B.Com. Examination, November/December 2018
(F + R) (2016-17 and Onwards) (CBCS)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Sarkari Patra Aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **वाक्य** में लिखिए : **(10×1=10)**

1) इण्डियन नेशनल कांग्रेस के पहले अधिवेशन के सभापति कौन थे ?

2) स्वामी विवेकानन्द के गुरु का नाम लिखिए ।

3) ''ट्रिब्यून'' समाचार पत्र कहाँ से प्रकाशित होता था ?

4) भारतियों को संगठित करने के लिए सत्याग्रह आन्दोलन किसने शुरू किया था ?

5) बहादुरशाह जफर का हुक्म अंत में कहाँ पर सिमट कर रह गया ?

6) महात्मा गाँधी का पूरा नाम लिखिए ।

7) पहला अंग्रेज़ी जहाज हिन्दुस्तान में कब आया था ?

8) अंग्रेज़ों को व्यापार करने के लिए कोठी बनाने की छूट किसने दी थी ?

9) ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना कब हुई थी ?

10) पहले अंग्रेज़ी जहाज़ का नाम क्या था ?

II. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(2×6=12)**

1) मेकअप रूम में क्या ताला लगा है, जो आप यहाँ बैठ गईं चेहरा चमकाने ?

2) हाँ, उसने कहा ''ऐसी ही दस रोटियाँ बना कर पास के पाँच गाँवों में दो-दो बाँट देना ... कमल के फूल के साथ ।''

3) हमारा रास्ता सत्य, अहिंसा और न्याय का है ... शांति का है ।

4) अरे भाई हमारे देश में जो विविधता में एकता है, अंग्रेज़ उसे छिन्न-भिन्न कर देना चाहते हैं ।

III. ''अलख आज़ादी की में गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने की छटपटाहट और संघर्ष को प्रस्तुत किया गया है'' – कथन की पुष्टि कीजिए । 12

अथवा

''अलख आज़ादी की'' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं को लिखिए ।

P.T.O.

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) गायिका ।

2) कप्तान हाकिन्स ।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : (2×10=20)

1) जिलाधिकारी बेंगलुरु की ओर से पुलिस अधिक्षक के नाम एक अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें उन्हें राज्यपाल के बेंगलुरु आगमन की सूचना देते हुए सुरक्षा के सारे इन्तजाम करने का निर्देश दीजिए ।

2) उप सचिव, गृहमंत्रालय, भारत सरकार की ओर से समस्त राज्य मंत्रालय के मुख्य सचिवों को एक परिपत्र लिखिए जिसमें गुण्डागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने के आदेश हो ।

3) राज्य में हो रही हिन्दी भाषा की प्रगति का विवरण मांगते हुए, भारत सरकार के अवर सचिव की ओर से, शिक्षा मंत्रालय, तमिलनाडु सरकार एक सामान्य सरकारी पत्र लिखिए ।

VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 10

विद्यार्थी जीवन भावी जीवन की आधारशिला है । आधारशिला यदि दृढ़ हो तो उस पर बना हुआ भवन भी निश्चित ही मज़बूत होगा । इसी प्रकार यदि विद्यार्थी जीवन परिश्रम, अनुशासन, संयम और नियमन में व्यतीत हुआ है तो निश्चय ही उसका भावी जीवन सुखद, सुन्दर और परिवार समाज तथा देश के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा । विद्यार्थी राष्ट्र के कर्णधार होते हैं । उन्हीं पर देश की उन्नति और अवनति आधारित रहती है । परिश्रम छात्र–जीवन का भूषण होता है । वे मानसिक श्रम तो करते ही हैं, शारीरिक श्रम भी करते हैं । क्योंकि खेलकूद मानसिक और शारीरिक ताज़गी प्रदान करने के साथ–साथ इच्छा शक्ति दृढ़ करने तथा हार–जीत की भावना को उचित मार्गदर्शन करके सन्तुलित व्यक्तित्व विकास में सहयोग प्रदान करते हैं । इस प्रकार आदर्श विद्यार्थी अपने शिक्षक, परिवार एवं समाज में लोकप्रिय होते हैं और साथ ही देश की अमूल्य नीधि भी बनते हैं ।